हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 12 अगस्त 2025

06 मानवता की मिसाल बना नगर, रेलवे कर्मचारियों...



08 पौधरोपण में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सॉफ्टवेयर...






## खबर संक्षेप

### ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे कलेक्टर

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अंशुल गुप्ता ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी लेंगे। 15 अगस्त के दिन जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे से शुरू होगा।



### बैसनगर मंडल मनाएगा विधायक का जन्मदिन

**विदिशा।** विधायक मुकेश टंडन के जन्मदिन के अवसर पर सुबह गौशाला में गायों को घास खिलाया जाएगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह ने बताया कि गौशाला में कार्यक्रम के बाद मुखर्जी नगर में पौधरोपण होगा। दोपहर 2 बजे से विधायक मुकेश टंडन अपने निवास पर उपस्थित रहेंगे।

### चयन सूची जारी हुई दावे आपत्तियां 17 तक

**विदिशा।** विदिशा ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत 20 आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका पद के चयन की अनंतिम सूची एमपी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से जारी हुई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि सूची के संबंध में दावे आपत्तियां 17 अगस्त तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के यूआरएल https://chayan.mponline.gov.in पर दर्ज की जा सकतीं हैं।

### भुजरिया पर सेहरा नृत्य पर विधायक सप्रे के थिरक उठे कदम



**कुरवाई।** भुजरिया पर्व के अवसर पर बीना तिराहे पर पारंपरिक सेहरा नृत्य का आयोजन किया गया। कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने पारंपरिक परिधान में कंधों पर तौलिया डालकर सेहरा नृत्य में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर ताल से ताल मिलाई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, गिरजेश साहू, वरुण चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तिरंगा यात्रा के बाद शहीदों को पुष्पांजलि दी

**ग्यारसपुर।** क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी की अगुवाई में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा बामोरा मोहल्ला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकली। बस स्टैंड ग्यारसपुर में स्कूलों द्वारा देशभक्ति गीतों और नारों के साथ यात्रा का उत्साह और बढ़ाया गया। यात्रा का समापन शहीद स्मारक पर हुआ। जहां विधायक रघुवंशी ने स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में पुष्प माला अर्पित की और देश की आजादी में बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को नमन किया।

### बाल्मीकि समाज ने निकाली छड़ी यात्रा

**कुरवाई।** बाल्मीकि समाज द्वारा रविवार को जाहरवीर गोगा जी महाराज की छड़ी निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा माता बाग मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जाहरवीर गोगा जी महाराज के मंदिर पर समापन हुई। यात्रा में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने शामिल होकर छड़ी निशान की पूजा-अर्चना की और स्वयं छड़ी को कंधों पर लेकर थिरकते हुए यात्रा में भाग लिया। इस दौरान संदीप बाल्मीकि एवं बाल्मीकि समाज के सदस्यों ने विधायक सप्रे का पुष्पमालाओं से स्वागत कर पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गिरजेश साहू, वरुण चौबे सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## एसपी ने चलाई बुलेट, पीछे बैठे कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हाथों में थामा तिरंगा

### जिला मुख्यालय पर देशभक्ति की गीतों पर तिरंगा लहराते हुए बाइक पर निकले अधिकारी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सोमवार शाम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत वाहन रैली का आयोजन किया गया।

जन-जागरूकता रैली में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद वह रैली समापन तक शामिल रहे। स्वच्छता और राष्ट्रीय एकता के संदेशों को ओतप्रोत करती रैली कलेक्ट्रेट में एसपी कार्यालय से शुरू हुई, जो विवेकानंद चौराह, मेडिकल कॉलेज तिराह, गुलाब वाटिका, बसस्टैंड, नीमताल चौराह, नगरपालिका होते हुए रेलवे स्टेशन, कांच मंदिर, कोतवाली थाना, तिलक चौक से लोहा बाजार, झूलनपीर, बजरिया चौकी, तोपपुरा, रामलीला चौराह, रायपुरा, स्वामी विवेकानंद चौराह होते हुए वापस पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। जन जागरुकता रैली में सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के अलावा जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों ने सहभागिता की।





विदिशा। एसपी कार्यालय से शुरू हुई वाहन रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस कार्यालय पहुंची। रास्ते में जगह- जगह व्यापारियों ने रैली का स्वागत किया।

### जगह जगह फूलों की बौछार से रैली का स्वागत

रैली में मौजूद विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य सभी वाहन सवारों का व्यवसाईयों ने जगह जगह फूलों की बौछार कर स्वागत किया। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वाहन रैली में देशभक्ति गीतों से आव्हान किया गया। बाजार में लोगों ने तलियां बजाकर रैली में शामिल लोगों का अभिवादन किया।

## कीटनाशक के विक्रय से फसल खराब होने के बढ़ रहे मामले

# गलत कीटनाशक बेचने पर एफआईआर दर्ज खाद-बीज विक्रेताओं ने की सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कीटनाशक खाद एवं बीज विक्रेता संघ ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

कीटनाशक एवं खाद्य बीज विक्रेता दुकानदारों ने कहा कि मप्र में खरीफ की फसलों को नुकसान हुआ है इसमें खरपतवार नाशक दवाओं के कारण फसलों के खराब होने की स्थिति बनी है। ऐसे में किसान दुकानदारों पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं। कई बार तो विवाद की स्थिति तक बन जाती है। कृषि विभाग भी सैंपल कर जांच के लिए भेजता है, लेकिन इसके बाद भी किसान तैयार नहीं होते कई बार किसान अनावश्यक दबाव बनाकर मुआवजा देने का दबाव देने के लिए बाध्य करते हैं। हालांकि हर साल ऐसे मामले सामने आते हैं जब जिन कंपनियों की कीटनाशक दवाओं पर प्रतिबंध होता है उन्हे भी किसानों को बेच दिया जाता है। जिसके कारण किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। जिससे नुकसान उठाना पड़ता है।



विदिशा। कलेक्टर को ज्ञापन देकर कीटनाशक विक्रेताओं ने सुरक्षा मुहैया कराने की मांग करते हुए सौंपा ज्ञापन।

### कंपनी के पांच लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज

इधर गलत दवा बेचने के मामले में कृषि विभाग ने एक कंपनी के पांच लोगों पर सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिले के किसानों से लगातार एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाईजर्स लि. पीतमपुरा दिल्ली की खरपतवारनाशी दवा की शिकायतें मिलने पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। लगभग 40 किसानों से एचपीएम कंपनी की दवा क्लोरीम्यूरान इथॉयल 25 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. (बायोक्लोर) बेच नं. केई 04 का उपयोग किया। जिससे सोयाबीन फसल खराब हो गई। शिकायत मिलने पर उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जांच दल गठित किया गया। गठित दल द्वारा प्रभावित सोयाबीन फसलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें लगभग 80 से 90 प्रतिशत सोयाबीन फसल प्रभावित होने की पुष्टी हुई। निरीक्षण के दौरान बायोक्लोर खरपतवारनाशी से सोयाबीन की फसल का सूखना पाया गया। किसानों को गलत खरपतवारनाशी का विक्रय करना कीटनाशी अधिनियम 1968 का उल्लंघन है। जिस पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कीटनाशी निरीक्षक आरके शर्मा ने एचपीएम केमिकल्स एण्ड फर्टिलाईजर्स पीतमपुरा दिल्ली के अनिष कुमार पाण्डेय, मंगाराम, अश्विनी कुमार, सुजीत पंचरिया एवं अशोक अग्रवाल के खिलाफ कीटनाशक अधिनियम के तहत थाना सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### किसानों को गलत ठहरा रहे हैं व्यापारी

संघ के अध्यक्ष गोपाल दास राठी ने कहा कि वह खाद बीज और कीटनाशक के विक्रेता है निर्माता नहीं, ऐसे में उन पर हो रही है कार्रवाई गलत है। दुकानदारों ने प्रशासन से सुरक्षा देने के साथ-साथ ब्लॉकवार किसानों की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने की मांग की है, ताकि किसानों को गुणवतायुक्त खरपतवार, कीटनाशक और उर्वरक की सही सलाह मिल सके। कीटनाशक दुकानदारों का कहना है कि दवाओं और बीज के फेल होने पर वे संबंधित किसान की फसल की सैंपलिंग कराते हैं, इतना ही नहीं दूसरे खेत में कीटनाशक या बीज का डेमो भी दिलवाते हैं।

### गड़बड़ी पाई गई

इस बार जिले में कीटनाशक छिड़काव से फसलें सूखने की शिकायतें प्राप्त हुईं। जांच में दवाओं में गड़बड़ी की बात सामने आई है। इसलिए मामले दर्ज कराए गए हैं। व्यापारी सिर्फ विक्रेता हैं। दोषी नहीं हैं तो जांच में निर्दोष साबित हो जाएंगे।

- केएस खपेड़िया, डीडीए कृषि

## शराब के नशे में पहले लाठी डंडों से पीटा फिर सीने में घोंप दिया चाकू

**इंडस्ट्रियल एरिया की वारदातः** आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज



विदिशा। युवक की मौत के बाद घटना स्थल पर साक्षय जुटाते हुए पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

इंडस्ट्रियल एरिया में शराब के नशे में धुत 4 युवकों ने बंधन गार्डन के पीछे किराए के मकान में रहने वाले राहुल राजपूत पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले लाठी-डंडों से पीटा, फिर सीने में चाकू भोंक दिए।

राहुल को गंभीर हालत में भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती रेफर किया, जहां उसने दम तोड़ दिया। अपनी मां और छोटे भाई-बहनों का एकमात्र सहारा राहुल मिस्त्री का काम करता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंडस्ट्रियल एरिया शराबियों का अड्डा है और यहां आए दिन इस तरह के विवाद होते रहते हैं।

### सीएसपी बोलेः सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रहे

सीएसपी अतुल सिंह के अनुसार घटना के समय आरोपी शराब के नशे में थे। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। सिविल लाइन कोतवाली और गुलाबगंज थाना प्रभारी जांच में जुटे हैं। इंडस्ट्रियल एरिया में आए दिन मारपीट और झगड़े होते रहते हैं। इससे दुकानदार और इंडस्ट्री कर्मचारी परेशान हैं। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। स्थानीय लोगों ने नियमित पुलिस गश्त और शराबियों पर कार्रवाई की मांग की है। शहर में जगह- जगह खुलेआम शराबखोरी हो रही है। वहीं कई अघोषित आहते भी चल रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सोमवार को कांग्रेस ने नीमताल पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी की लड़ाई नहीं है यह कांग्रेस बनाम बीजेपी नहीं है। यह सत्ता और विपक्ष के बीच का भी मसला नहीं है। असल में यह आपके वजूद का सवाल है और अब आपके पास कोई चारा नहीं है। आप चुप नहीं रह सकते हैं. क्योंकि आपका वह अधिकार जो आपको लोकतंत्र में सबसे ज़्यादा ताक़त देता है वोट का अधिकार जो छीना जा रहा है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है और भाजपा की सरकार सब देख रही है। हम इसकी निंदा करते हैं। राहुल गांधी और विपक्ष के सांसद को गिरफ्तार किए जाने की निंदा करते हैं। इस दौरान सुभाष बोहत, सुरेश बाबू पाठक, बाबूलाल वर्मा, प्रियंका किरार, रवि साहू, पंकज जैन, गोविंद चौब, लक्ष्मी नारायण बघेल, दिमान रघुवंशी, मलखान मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



विदिशा। केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला दहन करते हुए कांग्रेसी।

### भुजरिया मिलन समारोह में पहलवानों ने लगाए दांव-पेच

**विदिशा।** भुजरिया मिलन समारोह के उपलक्ष्य में 28वां भारत के शेरे कांटा कश्ती दंगल का आयोजन बसस्टैंड स्थित पुरानी नगरपालिका में कराया गया। जिसमें मप्र के साथ अन्य प्रदेशों से भी पहलवानों ने हिस्सा लिया। देर रात चले इस दंगल में 141 कुश्ती हुईं। गौरतलब है कि देर रात्रि तक दर्शक अपने पहलवानों का हौसला अफजाई करने रुके रहे। जैसे-जैसे कुश्ती होती जा रही थी, रोमांच उतना ही बढ़ता जा रहा था। मुख्य अतिथि मनोज कटारे, सुभाष बोहत, अरुण अवस्थी, अनुराग अन्नू जैन, विकास तिवारी ने दंगल का भगवान बजरंगबली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया।

## स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में सीबीएससी मप्र क्लस्टर फुटबाल टूर्नामिंट 2025 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

प्रतिष्ठित सीबीएससी बारहवीं क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट मप्र 2025 का आगाज स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में हुआ। मप्र के 85 सीबीएससी स्कूल टीम के 1 हजार से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 10 दिन चलेगी। इस प्रतियोगिता के फाइनल 20 अगस्त को खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में खेल भावना, साहस, रोमांच का तूफान देखने को मिलेगा।

यह उद्घाटन समारोह सोमवार शाम 4 बजे स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें विधायक मुकेश टंडन, राजेश जैन, कर्नल विकास गुप्ता, मेजर रंजन , सीबी थापा, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के संचालक योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर मीनल सिंह राणा, सुरेश कुमार गुरु रिटायर्ड डीएसपी, विक्रम अवार्डी दिलीप थापा, संतोष चतुर्वेदी प्राचार्य विनय अग्रवाल और सभी टीमों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता की तैयारियों का विधायक मुकेश टंडन ने निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और खिलाड़ियों को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में उपलब्ध खेल मैदान, मार्गदर्शन और सुविधाओं की प्रशंसा की।




## अगले 2-3 दिन में तेज बारिश की संभावना, बांधों के गेट खोलने की तैयारी, कई गांवों में अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। दो दिन से आसमान में बादल छाए हुए हैं। रविवार शाम को तेज बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में झमाझम बारिश की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटों में जिले की पांच तहसीलों में हल्की बारिश दर्ज की गई है। बासौदा में सबसे ज्यादा 25 मिलीमीटर बारिश हुई। जिले में औसत बारिश का आंकड़ा 31.64 इंच तक पहुंच चुका है। हाल की बारिश से नदियों और बांधों का जलस्तर बढ़ गया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से अगले 2-3 दिनों में घने बादल छाएंगे। तेज बारिश की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 31.5 और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश शुरू होते ही तापमान में गिरावट आएगी।

**अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री दर्ज**




### क्षेत्र में कुल 19.17 इंच बारिश हो चुकी है

सम्राट अशोक सागर (हलाली डैम) में सोमवार सुबह 8 बजे जलस्तर 458.00 मीटर दर्ज किया गया। ये कुल क्षमता का 67.03 प्रतिशत है। डैम में फिलहाल 169.008 एमसीएम पानी है। पांचों गेट बंद हैं। पिछले 24 घंटे में कोई बारिश नहीं हुई। अब तक क्षेत्र में कुल 19.17 इंच बारिश हो चुकी है।

### बांधों के गेट खुलने से यह हो सकते प्रभावित

जुलाई में हुई बारिश से सगड़ बांध 88 प्रतिशत भर चुका है। संजय सागर बांध 78 प्रतिशत भर गया है। बांधों के गेट खोले जाने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। सगड़ बांध से सटे पैगयाई, जीरापुर, हीरापुर, तोफाखेड़ी, नानकपुर, चंपाखेड़ी, पड़रिया जागीर, मरखेड़ा, गुरोद और जोहद में चेतावनी दी गई है। संजय सागर बांध के पास नहरयाई, मंझेरा, बेरखेड़ी, बेरखेड़ी गांठ, महुआ डोंगरी, खजूरी सहित अन्य गांव प्रभावित हो सकते हैं।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
सुजाता
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2765
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2591
उच्चतम भाव-2591
चना
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5980
मसूर
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-9470
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3431
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3490
उच्चतम भाव-4800
सरसों
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-6751
मूंग
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7260
धान
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-2480
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6500
धनिया
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6200

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 2085 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### स्टेशन पर बंद हैं कैमरे

गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हैं। इसका फायदा उठाकर जेबकतरे लगातार यात्रियों के साथ वारदात कर रहे हैं। बीते चार दिनों में जेब कटने के 12 मामले सामने आ चुके हैं।

# विसर्जन घाट की कराई सफाई,लावारिस मवेशियों को पहुंचाया गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता संग के अंतर्गत नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश अनुसार स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 4 संत रविदास वार्ड में नालियों की सफाई एवं सड़को की सफाई उपरांत चूना लाईनिंग डलवाई गई।

इसी तरह अंबेडकर चौक, सुभाष चौक, सावरकर चौक, विजय स्तंभ चौक नेहरू चौक, महाराणा प्रताप चौक की साफ सफाई कराई गई। इसी अभियान के तहत बेतवा रिपटा घाट पर भुजरिया पर्व उपरांत घाट को साफ कराया गया। उक्त अभियान में उपयंत्री नरेन्द्र सिह चौहान, स्वच्छता प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, सफाई दरोगा शक्ति सिंह रघुवंशी, संतोष बाल्मिकी, सुदामा अहिरवार मेट, धर्मेन्द्र मेट, विनोद चावरिया मेट उपस्थित रहे। इधर सोमवार को ही नपा अमले ने अतिक्रमण अभियान चलाकर नवीन बस स्टेंड अंतर्गत यात्री प्रतिक्षालय के आसपास अस्थाई दुकाने गुमठियां आदि जो आवागमन में अवरोध एवं आम नागरिको को कठिनाई उत्पन्न कर रही थीं उन्हे हटवाया गया। इसके अलावा रेल्वे स्टेशन से जय स्तंभ चौक तक विचरण कर रहे लावारिस मवेशियों को पकडकर काऊ केचर के माध्यम से श्रीगोपालकृष्ण गौशाला बरेठ में पहुंचाया गया। ताकि आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े एवं दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

उक्त अभियान में सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, उपयंत्री नरेन्द्र सिंह चौहान, राजकुमार शर्मा, वरूणेन्द्र चौबे, नवल सिह परिहार, गजानन जाटव, भारत सिंह कुशवाह, तुलाराम कुशवाह, दिनेश कुशवाह, राजेश जैन, वीरेन्द्र शर्मा, ताहिर खां, मनीष रैकवार उपस्थित रहे। दूसरी ओर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान नामांतरण के 140 प्रकरणों को स्वीकृति देकर हरी झंडी दिखाई गई। इस बैठक में जिन आवेदकों के नामांतरण हो गए हैं उन्हें फोन के माध्यम से सूचना भी दी गई कि वह अपने नामांतरण पत्र कार्यालयीन समय में आकर ले सकते हैं। इस बैठक में प्रभारी एवं पार्षद नीलू चौबे, नीरेन्द्र दे, वरुणेंद्र चौबे आदि मौजूद थे।

## 108 एम्बूलेंस सेवा की फिर खुली पोल, चालक ने कहा डीजल नहीं है

# मानवता की मिसाल बना नगर, रेलवे कर्मचारियों ने बचाई वृद्ध की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रेलवे सिग्नल विभाग गंजबासौदा ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवता का सर्वोच्च धर्म है। सोमवार सुबह स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर एक अज्ञात, असहाय वृद्ध को अचानक मिर्गी का तेज़ दौरा पड़ा। वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिरकर तड़पने लगा, लेकिन सैकड़ों की भीड़ में से कोई भी रेल यात्री मदद के लिए आगे नहीं आया। जैसे ही घटना की जानकारी सिग्नल विभाग के कर्मचारियों को मिली, कर्मचारियों ने बिना एक पल गंवाए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। विभाग के मुकेश अहिरवार ने तुरंत डायल 108 पर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की, जबकि मोहित रैकवार ने श्रमदान दल के सदस्य एवं अपने साथी आकाश जैन को घटना से अवगत कराया। तत्पश्चात आकाश जैन की अगुआई में करन राय, मोहन कुशवाह, मोहित रैकवार, मुकेश अहिरवार और प्रदीप अहिरवार ने मिलकर वृद्ध को स्ट्रेचर की मदद से 108 एम्बुलेंस से राजीव गांधी जन चिकित्सालय पहुँचाया। पीड़ित वृद्ध को तड़पता देख जब मुकेश अहिरवार ने 108 कंट्रोल रूम से संपर्क किया, तो ऑपरेटर ने चालक को तुरंत घटनास्थल भेजने का निर्देश दिया। लेकिन, हैरानी की बात यह रही कि एम्बुलेंस चालक ने डीजल की कमी का बहाना बनाकर आने से मना कर दिया।

यह न केवल सेवा प्रदाता कंपनी की घोर लापरवाही है, बल्कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर खामी भी उजागर करता है। आखिरकार, दूसरे वाहन को भेजा गया, जिससे कीमती समय बर्बाद हुआ। सवाल उठता है कि अगर एक ही समय पर दूसरी गंभीर घटना हो जाती, तो क्या समय पर मदद न मिलने से किसी की जान भी जा सकती थी? यह स्थिति किसी भी संवेदनशील प्रशासन के लिए चेतावनी से कम नहीं है। जहां एक ओर संसाधनों एवं डॉक्टरों की कमी से जूझता स्वास्थ्य विभाग और जन चिकित्सालय में पदस्थ गिने चुने डॉक्टर पीड़ित ओर घायलों का यथा संभव उपचार कर रहे है प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ितों को बेहतर इलाज के लिए विदिशा भी रेफर कर दिया जा रहा है। वहीं मरीजों को और घायलों को समय पर चिकित्सालय पहुंचाने के जिम्मेदार संस्था 108 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के लोग लोगों के स्वस्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे है। वहीं रेलवे कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और टीमवर्क से लोगों की जान बच रही है। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में 108 एंबुलेंस की सेवा में कमी के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। रेलवे स्टेशन पर ही कई घायल एवं गंभीर बीमार यात्रियों को समय पर 108 एंबुलेंस न मिलने और त्वरित उपचार न हो पाने से उनकी मौत हो चुकी है। कई मामलों में तो रेलकर्मियों ने ही त्वरित कार्रवाई कर पीडितों की जान बचाई है।

# नगर में तीसरे दिन भी हुई झमाझम बारिश, नदी नालों का जलस्तर बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के बाद गत दिवस से इलाके में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। सोमवार को तीसरे दिन शाम के समय नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घण्टों तक जमकर बारिश हुई। इस बारिश से किसानों और फसलों को काफी राहत मिल गई। यहां उल्लेखनीय है कि मानसून की अच्छी बारिश के बीच गत सप्ताह भर मौसम लगभग साफ रहा और अच्छी धूप निकलने से खेतों में बतर आ गई थी। बारिश न होने से सोयाबीन, धान आदि की फसलें प्रभावित हो रही थीं। वहीं किसान भी फसलों में दवाओं एवं कीटनाशकों का छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। इस कारण किसान अच्छी बारिश की कामना कर रहे थे। एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और अच्छी बारिश का दौर शुरु हो गया। जिससे इलाके के नदी नालों का जलस्तर फिर से बढने लगा है। वहीं तालाब एवं जलाशयों में भी जलस्तर बढ गया है। रविवार को हुई जोरदार बारिश से आज सुबह इलाके में 25 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस बारिश को मिलाकर अभी तक इलाके में 679.5 मिमी पानी बरस चुका है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 647 मिमी बरसात हुई थी। इस लिहाज से गत वर्ष की अपेक्षा अधिक बारिश तो हो चुकी है, लेकिन औसत बारिश के मुकाबले अभी आधी से कुछ अधिक ही पानी बरसा है। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनों में इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आगामी 15 अगस्त तक मौसम कभी खुला रहेगा तो कभी अच्छी बारिश हो सकती है। लेकिन इसके बाद से इलाके में लगातार और अच्छी बारिश शुरू होने के पूर्वानुमान हैं।

### त्योंदा में निकली हर घर तिरंगा यात्रा





गंजबासौदा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा स्कूल से विशाल तिरंगा यात्रा कस्बा, त्योंदा के मुख्य मार्ग से होते हुए शासकीय अस्पताल तक निकाली गई। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा का स्कूल स्टाफ सहित लगभग 550 छात्र–छात्राएं शामिल हुईं।

तिरंगा यात्रा के स्कूल की छात्राओं द्वारा थाना प्रभारी बबीता सिंह को राखी बांधी इस दौरान थाना प्रभारी बबीता सिंह द्वारा छात्राओं को उनकी सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया एवं स्वयं का मोबाईल नंबर देकार बताया कि त्योंदा पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है एवं चाईल्ट हेल्प लाईन 1098 व महिला हेल्प लाईन नंबर 1093, डायल 112 के बारें में अवगत कराते हुए बताया कि आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी , उनि. जेपी मालवीय, उनि रामबाबू साहू, सउनि तरूण वेदी, सउनि प्रेमनारायण साहू, प्रआर उदय जकाते, रविन्द्र तोमर, श्याम सिंह , आर सतेन्द्र, सुभाष चंद्र , महिला आरक्षक मोनिका यादव , खुशबू यादव सहित स्कूल स्टाफ, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण और बडी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## चलाया जा रहा हर घर स्वच्छता अभियान

# जनपद में चला साफ, सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत सोमवार को जनपद पंचायत में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंषी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी तपस्या जैन सहित समस्त जनपद स्टाफ ने जनपद परिसर में झाड़ू लगाई एवं कचरे को डस्टबिन में डालकर एकत्रित किया। तत्पश्चात हाथ धुलाई की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जनपद सीईओ तपस्या जैन ने बताया कि शासन निर्देशानुसार 8 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। अभियान में प्रतिदिवस विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। सोमवार को स्वच्छता अभियान के साथ-साथ आसपास की ग्राम पंचायतों में वाहन रैली का भी आयोजन किया गया।

# यूरिया वितरण न होने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को जीवाजीपुर स्थित शासकीय वेयर हाउस में यूरिया का आवंटन आने की सूचना मिलते ही बडी संख्या में किसान यूरिया लेने के लिए पहुंच गए थे। जबकि प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण की अनुमति न होने से गोदाम संचालक ने यूरिया वितरण करने से मना कर दिया। जिसके बाद नाराज किसानों ने बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया। बाद में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और फिर पुलिस की मौजूदगी में यूरिया वितरण शुरू हो सका।


प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवाजीपुर स्थित शासकीय गोदाम में गत दिवस यूरिया किसानों को वितरण के लिए आया था। इसकी सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह बडी संख्या में किसान यूरिया लेने के लिए वहां पहुंच गए। इस बीच गोदाम संचालक ने वरिष्ठ अधिकारियों से यूरिया वितरण शुरू करने की अनुमति न मिलने की बात कही। जिस पर किसान नाराज होकर प्रदर्शन करने लगे और बासौदा त्योंदा मुख्य मार्ग को बंद कर चक्काजाम शुरू कर दिया। इस प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसीलदा और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देकर उनका प्रदर्शन समाप्त कराया और मुख्य मार्ग से आवागमन बहाल किया गया। इसके बाद प्रशासन एवं पुलिस की मौजूदगी में किसानों को टोकन वितरण किया गया और उन्हीं टोकन के आधार पर किसानों को यूरिया का वितरण हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि इस बार हर बार खाद वितरण पर ऐसी ही स्थिति निर्मित हो रही है।

### पिता की पुण्य स्मृति में भेंट की घडियां



गंजबासौदा। विगत दिवस बासोदा उप जेल में स्वर्गीय राजेंद्र कुमार जैन बुक डिपो की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र रविन्द्र जैन शेरू द्वारा एडीजे बासोदा अनुराग द्विवेदी एवं न्यायाधीश रावेन्द्र सोनी की उपस्थिति में जेलर आलोक भार्गव को दीवाल घड़ी भेंट की गई। वहीं इससे पूर्व रविन्द्र जैन द्वारा प्रेस क्लब गंजबासौदा को भी एक दीवार घडी भेंट की गई थी। इस अवसर पर समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, संजीव कुमार अरोरा, शेर सिंह यादव उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बासोदा के समस्त शालाओं, सामाजिक संगठन एवं विविध संस्थान में रविन्द्र जैन द्वारा घडी भेंट की गई हैं।

# नौलखी में झूला महोत्सव का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आकाश में पूर्णिमा का धवल चांद अपनी रजत किरणें बिखेर रहा था तो काली अंधेरी रात में बेतवा के तट पर आस्था की लहरें संगीत के साथ बह रही थीं। श्रद्धा और भक्ति के झूले में झूलते हुए अयोध्या की परंपरा से सीताराम भगवान की जीवंत झांकी को झुलाते हुए सुरों से एकाकर होते...रिमझिम बरसते-गरजते बादल, मंद-मंद हवाओं के बीच आनंद और प्रेम की मस्ती में सुध-बुध खोकर सुरों से ताल करते थिरकते कदम, तो कहीं कोई किसी के कोने में अश्रु धारा से भक्ति भाव प्रकट हुआ.. सुर और भक्ति के मिठास से भरी सुरमुयी हुई सावन की यह वो आखिरी रात थी। जिसने बेतवा नदी के तट पर कुछ अलग ही संसार बसाया। हारमोनियम के हर धुन, वायलिन की तान, ढोलक की थाप जैसे हृदय की धड़कन से मेल खा रही थीं। मंजीरे जब छनके, तो ऐसा लगा जैसे देवगंधर्व भी ताल दे रहे हों। बेत्रवती के तट पर मौजूद तपोनिष्ठ सिद्ध संत साकेतवासी बाबा जगन्नाथ दास महाराज की तपोस्थली नौलखी धाम आश्रम में झूलन महोत्सव के समापन का। जिसने 15 दिन से चल रहे इस भक्ति-उत्सव के अंतिम दिन भक्ति, संगीत, संस्कृति और लोक परंपरा का अद्भुत संगम रच दिया। इसी आध्यात्मिक, अद्भुत वातावरण में नौलखीधाम के जगन्नाथ मंदिर का आंगन भक्ति और संगीत के अमृत में डूबा हुआ दिखाई दिया। समापन की संध्या पर जिले के प्रसिद्ध गम्मत गायक कलाकार घनश्याम महाराज और नारायण महाराज ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियों से भक्ति रस का ऐसा भावलोक रचा कि हर भक्त मंत्रमुग्ध हो उठा। कार्यक्रम का अंतिम क्षण वह था, जब बेतवा की शीतल हवा, पूर्णिमा का उजास, मृदंग की थाप और हरिनाम की धुन एक साथ बह रही थी। घनश्याम और नारायण की भक्ति-रागिनी, जिनकी हर सुर लहर जगन्नाथ धाम के आंगन को एक अलौकिक माधुर्य से भर रही थी। उनकी गम्मत में देश भक्ति के साथ-साथ अयोध्या की लोकधारा, कृष्णलीला की मधुरिमा और सावन के झूले का उल्लास एक साथ झलक रहा था। सुर और ताल की अद्भुत भक्ति रस के संगम में संगत कर रहे वायलिन के महारथी रहीस भाई का संगीत जुड़ते ही माहौल अलौकिक हो उठा। वायलिन की तानें घनश्याम और नारायण के सुरों में इस तरह घुलीं कि वह क्षण किसी दिव्य लीला से कम न लगा। हर राग, हर स्वर और हर ताल ने मधुर सुरों की ऐसी बूँदें बरसाईं, मानो चंद्रमा की शीतल रोशनी और बेतवा की लहरें भी उन स्वरों पर थिरक उठीं हों और एक पल के लिए ऐसा लगा जैसे बेतवा के तट पर कोई अदृश्य गंधर्व वादन कर रहा हो। नौलखी आश्रम में प्रवेश द्वार से लेकर गर्भगृह से होते हुए आश्रम का हर कोना आम के कोमल पल्लव, केले के हरे-भरे पत्ते और झिलमिलाती दीप सज्जा से निखर रहा था। उत्सव के समापन पर जगन्नाथ महाप्रभु की दिव्य महाप्रसादी का भंडारा हुआ। आश्रम के पुजारी अमित महाराज सहित अन्य सेवादारों ने झूलन उत्सव को आयोजित करने में सहयोग दिया।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स बरींघाट**

पंजीयन 8427/16/10/1957 — दिनांक-11/8/2025

**वार्षिक सूचना पत्र**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरींघाट के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 29/8/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय बरींघाट गुलाबगंज में संस्था के ठहराव क्रमांक 132 दिनांक 8/8/2025 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा जा रहा है। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शिवराज सिंह राजपूत
समिति प्रबंधक
बी पेक्स बरींघाट

किशोर कुमार अहरवाल
प्रशासक
बी पेक्स बरींघाट


विदिशा के लोकप्रिय विधायक
मा. श्री मुकेश टंडन जी को
जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
13 अगस्त को विदिशा तिरंगा यात्रा में आ रहे
केन्द्रीय कृषि मंत्री मा. शिवराज सिंह चौहान जी का
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
श्रीमती रानू संतोष शर्मा
पार्षद वार्ड क्रमांक 19, विदिशा
निवेदकः संतोष शर्मा मित्र मण्डली, विदिशा

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं को दी जाएगी नई जिम्मेदारी

# पौधरोपण में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सॉफ्टवेयर में एप होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले को हराभरा बनाने के लिए जिला पंचायत विभाग अब एक बगिया मां के नाम अभियान शुरू करने जा रहा है। दरअसल पौध रोपण में फर्जीवाड़ा रोकने के उद्देश्य से नया सॉफ्टवेयर होगा अपलोड। फिलहाल एप में तकनीकी समस्या आ गई है, उसे जल्द ठीक कराया जाएगा।

जिपं रायसेन मनरेगा प्रभारी अखलेश द्विवेदी,आजीविका मिशन के अधिकारी ने बताया कि सिपरी एप (एसआईपीआरआई सॉटवेयर) पौध रोपण के लिए जमीन का चयन करेगा। अगर ऐप से मना हो गई तो स्वीकृति नहीं मिलगी।आधे एकड़ में 50 पौधों और 1 एकड़ में 100 पौधेरोपण किए जाएंगे। एक एकड़ से अधिक भूमि का उपयोग नहीं होगा। एप की हां के बाद पानी के लिए नदी, नाला, कुआं, तालाब, खेत तालाब ट्यूबवेल से 12 महीने पानी की उपलब्धता पर ही फलोद्यान विकसित किया जाएगा। जलस्त्रोत न होने पर 50 हजार लीटर क्षमता का जलकुंड भी इस परियोजना में शामिल रहेगा। पौधे विशेष के लिए भूमि की अनुकूलता भी बताएगा।

### फैक्ट फाइल

- 7 जनपद पंचायत रायसेन जिले में।
- 100 जनपद में सदस्य होंगे।
- 40 हजार पौधेरोपण का लक्ष्य
- 500 महिला स्व सहायता समूह के हैं सदस्य।
- 0.5 से 1.0 एकड़ भूमि में किया जाएगा पौधरोपण।
- 2 लाख 84 हजार रुपये का खर्च।
- प्रत्येक जनपद में 100 हितग्राहियों का होगा चयन।




### इनका कहना है

आगामी दिनों में जिले में एक बगिया मां के नाम अभियान चलाया जाएगा। सिपरी एप एसआईपीआरआई सॉटवेयर पर पौधरोपण का कार्य अपलोड होगा और रोपण के समय ड्रोन नजर रखेगा। पौधरोपण का कार्य स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। 15अगस्त से 15 सितंबर तक कार्य होगा और प्रत्येक जनपद में 100 हितग्राही चयन होंगे।

- **अंजू पवन भदौरिया,** सीईओ जिपं रायसेन

### 15 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

मनरेगा प्रभारी अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि एक बगिया मां के नाम परियोजना में हितग्राहियों का चयन 15 जुलाई तक किया गया। किन्हीं अपरिहार्य कारणों से देरी हो गई है, जिसे प्रशासकीय स्वीकृति 25 जुलाई तक दे दी गई है। इसके बाद 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच पौधरोपण किया जाएगा। सिपरी एप पौधरोपण के लिए अवधि भी बताएगा। श्रेष्ठ कार्य के आधार पर पुरस्कार के लिए संबंधित जनपद पंचायतों को चुना जाएगा।

जिले में विभिन्न विभागों द्वारा परंपरागत तरीके से किया जाने वाला पौधरोपण अभियान नहीं किया जाएगा। इसमें पौधों पर में फर्जीवाडा रोकने के लिए एप और नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस अभियान में ड्रोन कैमरे से पौधरोपण पर नजर रखी जाएगी। इसका कार्य स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आजीविका मिशन और रोजगार गारंटी योजना से किया जाएगा। इस योजना के तहत एक बगिया मां के नाम के अंतर्गत पौधे रोपे जाएंगे ।इस मिशन का उद्देश्य जिले को हरा भरा बनाना और सुंदर और स्वच्छ बनाना है। पौधारोपण अभियान 15 अगस्त 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसमें प्राथमिकता समूह की महिलाओं और रोजगार गारंटी योजना की सदस्यों को दी जाएगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक को परिजन लेकर पहुंचे थे अस्पताल

# आरोप - इलाज के अभाव में युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**मामले में एम्बुलेंस चालक हुआ सस्पेंड, एक डॉक्टर समेत दो नर्सों को थमाया शोकाज नोटिस**



सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

बता दें कि बीती रात करीब 8 बजे शहर के सागर रोड स्थित टोल टैक्स के पास एक टवेरा कार ने बाइक सवार दो युवक संजय नाथ और नरेश नाथ को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान घायल युवक संजय नाथ ने दम तोड़ दिया।

परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर ड्यूटी रूम में सोते रहे और नर्सों ने भी लापरवाही बरती। घायल को भोपाल रेफर किया जा रहा था, एम्बुलेंस में भी रखा, लेकिन चालक ने कहा कि एम्बुलेंस की चाबी कहीं खो गई है।

मृतक का एक पैर फ्रैक्चर था फिर भी उसे समय पर भोपाल रैफर नहीं किया गया। इलाज के अभाव में सोमवार सुबह 4 बजे संजय नाथ ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और मामले को शांत कराया।

परिजनों की शिकायत के बाद सीएमएचओ डॉ. एचएन मांडरे ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच की। उन्होंने एम्बुलेंस चालक गोविंद राजपूत को तत्काल सस्पेंड कर दिया। साथ ही डॉ. आकाश चतुर्वेदी और स्टाफ नर्स शिवांगी चिढ़ार तथा लीना रिहायत को इलाज में लापरवाही बरतने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### इनका कहना है

परिजनों का आरोप गलत है, ड्यूटी डॉक्टर और नर्सों ने रैफर को बोला था, लेकिन परिजनों के द्वारा मना कर दिया और वार्ड में भर्ती कराया गया तथा मरीज को बॉटल एवं इंजेक्शन देने से भी मना कर दिया गया था।

- **डॉ. यशपाल सिंह** वाल्यान, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

### खबर संक्षेप

#### सागौन का अवैध परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**रायसेन।** जिले की तहसील सुल्तानपुर में वन विभाग ने बीती रात में गश्त के दौरान चिलवाहा रेंज के ग्राम हिनोतिया में कार्रवाई करते हुए लकड़ी चोरी और कछुआ परिवहन में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से दो सागौन की इमारती लकड़ियां, एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ और बाइक जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निलेश आदिवासी और मंगल आदिवासी के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध अधिनियम 1927 और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। रेंजर शशांक तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपी गुंदरई निवासी है।

#### कोतवाली आरक्षक ने लगाई फांसी, मौत

**रायसेन।** बीती रात को थाना कोतवाली पदस्थ पुलिस आरक्षक 26 वर्षीय अवतार सिंह पिता भारत सिंह ने अपने क्वार्टर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी



लगाने के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। आरक्षक अवतार सिंह ललितपुर यूपी का रहने वाला था। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि आरक्षक अवतार सिंह की शादी की बात चल रही थी, उसने यह कदम क्यों उठाया खुलासा नहीं हुआ है। मालूम हो कि रायसेन शहर में एक सप्ताह में यह तीसरा फांसी लगाने का मामला सामने आया है। इससे पहले भी नगर पालिका रायसेन के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं आबकारी विभाग में पदस्थ भृत्य ने भी सुसाइड कर लिया था।

## कार चालक ने दो बाइक व एक कार को मारी टक्कर, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। इन दुर्घटनाओं से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं, तो कई लोगों की मौत भी हो रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 3 बजे फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज के पास कार क्रमांक आरजे 21 यूबी 9535 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से आ रही बाइक क्रमांक एमपी 04 वीसी 0529 पर सवार सरफराज पिता मांदु खान, पत्नी मरजीना खान को टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नी और एक छोटा बच्चा घायल हो गया।

वहीं दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 04 बायएन 4439 पर सवार अजय पिता ताराचंद साहू, शशि साहू पति रामगोपाल को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसके साथ ही एक अन्य कार को भी टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों को चोट आई है। कार चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सिविल अस्पताल सांची भिजवाया, जहां घायलों को उपचार चल रहा है।

## नगर पालिका रायसेन में अब फेस ऑथेंटिकेशन से लगेगी हाजिरी

### नई तकनीकी से बढ़ेगी पारदर्शिता, फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



नगर पालिका परिषद रायसेन में अब अधिकारी कर्मचारियों कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अब एक नई तकनीक लागू की जा रही है। आगामी दिनों में यहां फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से हाजिरी दर्ज होगी। इस आधुनिक तकनीक का उद्देश्य हाजिरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समय पालन को सुनिश्चित करना है।

दरअसल फेस ऑथेंटिकेशन के तहत प्रत्येक कर्मचारी का चेहरा पहले से डेटाबेस में पंजीकृत किया जाएगा। हाजिरी के समय कर्मचारी केवल कैमरे के सामने खड़े होंगे और सिस्टम उनके चेहरे की पहचान कर उपस्थिति दर्ज कर देगा। यह प्रणाली बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट और पारंपरिक रजिस्टर पद्धति की तुलना में अधिक तेज़, सटीक और सुरक्षित है।

नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, नपा सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव ने बताया कि इस व्यवस्था से फर्जी हाजिरी, समय से देरी और उपस्थिति में हेरफेर जैसी समस्याओं पर रोक लगेगी। साथ ही, नपा प्रशासन को रियल-टाइम डेटा उपलब्ध होगा, जिससे कार्य मॉनिटरिंग और कर्मचारियों के प्रदर्शन का आकलन आसान हो जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि यह पहल डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

नगर पालिका परिषद के कार्य निष्पादन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली का ट्रायल जल्द शुरू किया जाएगा। और सफल परीक्षण के बाद इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा।

## कार चालक पुलिस की गिरफ्त में

# कार ने मारी बाइक सवार दो युवकों को टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार की रात में भोपाल-जबलपुर फोरलेन-45 पर कार ने मोटर साईकिल में टक्कर मार दी। बाइक सवार दो लोगों को सिर में गंभीर चोट लगने से घटना स्थल पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक प्रवीण इक्का को गिरफ्तार कर कार जब्त की गई। मृतकों के शव बरेली अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

अनूपपुर से भोपाल की ओर जा रही कार ने मोटर साईकिल में इतनी जोर से टक्कर मारी की दौनों बाइक सवार बाइक से उछल कर सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोटे आने के कारण हमीर सिंह अहिरवार निवासी ग्राम भौडिय़ा एवं हिम्मत सिंह निवासी तिखावन की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की खबर लगते ही मृतकों के परिजन और ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्रित हो गए।

### फोरलेन 45 पर आए दिन हो रहे सड़क हादसे

फोरलेन 45 पर बरेली से भौडिय़ा, खरगोन, उदयपुरा तक निरंतर दुर्घटना हादसे हो रहे है। दर्जनों लोगो की असमय मृत्यु हो चुकी है। फोरलेन निर्माण के दौरान तकनीकि खामिया, सीसी रोड स्थान-स्थान पर क्षतिग्रस्त होने के बाद तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में निरंतर मवेशी और इंसान जान गंवा रहे है। कुछ दिनों पूर्व संतुलन बिगडने से शराब से भरा ट्रक भौडिय़ा के पास पलट गया था। अक्सर भौडिय़ा के पास मवेशी वाहनों की चपेट में आते है। बरेली बायपास, छींद मोड, भौडिय़ा, खरगोन, बटेरा जोड, उदयपुरा, देवरी के आसपास अधिक एक्सीडेंट हो रहे है।

## सिवनी-नरसिंहपुर के ऑब्जर्वर बने अटवाल एवं शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से नगर के नेता जोधा सिंह अटवाल और शैलेंद्र शर्मा को सिवनी एवं नरसिंहपुर जिले का जिला ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर बधाई दी है।

मालूम हो कि जिला संगठन और सरकार में राजनीतिक नियुक्ति के लिए भाजपा ने नई व्यवस्था बना दी। पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने तय किया कि सभी जिलों में दो-दो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए वह स्थानीय स्तर पर न केवल जनप्रतिनिधियों और नेताओं से बात करेंगे बल्कि पारदर्शिता तरीके से नामों की सूची बनाकर सात दिवस के अंदर प्रस्तुत भी करेंगे।



## पेंशनरों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भी कर चुके प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की तहसील शाखा के द्वारा 8 सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन किया जा रहा हैं। ताकि मांगो का निराकरण प्रदेश सरकार के द्वारा अतिशीघ्र किया जाए।

दोपहर के समय नगर के विश्राम ग्रह में विधायक देवेंद्र पटेल को प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष इब्राहीम खान के नेतृत्व मे 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें आग्रह किया कि मांगो का अतिशीघ्र निराकरण किया जाए। प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन की मांग है कि




वर्तमान में मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जा रहा है, परंतु पेंशनर्स को 53 प्रतिशत मंहगाई का भुगतान किया जा रहा है, 2 प्रतिशत मंहगाई राहत स्वीकृत कर एरियर सहित भुगतान किया जाये। मप्र राज्य पुनर्णठन की धारा 49/6 अविलंव समाप्त की जाए। मध्यप्रदेश को 62 से 70 वर्ष की आयु के पेंशनर को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना योजना अथवा बीमा योजना से जोड़ा जाये।

केन्द्र के समान पेंशनर्स के आश्रित बेटी अविवाहित, विधवा, विकलांग बेटी-बेटे को आजीवन परिवार पेंशन प्रदान की जाए सहित अन्य मांगें शामिल है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष इब्राहीम खान ने बताया कि मांगो से संबंधित ज्ञापन प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को भी प्रेषित किया है। इस अवसर पर फूल सिंह यादव, डीएस रघुवंशी, रमेश कुमार यादव, पूरनचंद्र मालवीय, निरपत रघुवंशी, गोविंद्र रघुवंशी, पूरन ठाकुर मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूलों में निकाली तिरंगा यात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उसी के अंतर्गत हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर आधरित अभियान 8 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग रायसेन के साथ मिलकर जन कल्याण सेवा समिति द्वारा रायसेन जिले के विकास खंड सांची, गैरतगंज एवं बाड़ी के स्कूलों में पहुंचकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सोमवार को सांची ब्लॉक के ग्राम सालेरा एवं सनखेड़ा में स्कूली व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही संस्था द्वारा स्कूली बच्चों को स्वच्छता अपनाने एवं गांव में साफ-सफाई रखने भी प्रेरित किया।

यह अभियान सामूहिक उत्सव और नागरिक कर्तव्यों की भावना को को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिसमें स्वच्छ और सुजल गांव की अवधारण को स्वतंत्रता की भावना से जोड़ना है।

## गड्डों ही गड्डों से जोखिम भरा आवागमन, हो रही टूट-फूट से लोग परेशान

# लगातार भारी बारिश से गड्डों में तब्दील हुई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लगातार भारी बारिश के कारण क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़के क्षतिग्रस्त होने के साथ गड्डे ही गड्डे बन जाने से मार्गो पर वाहनों का आवागमन जोखिम भरा और कठिन हो रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीडब्लूडी के अंतर्गत आने वाली दर्जनों सड़कों की हालत अत्याधिक दयनीय बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी कामतोन, मेहरागांव कलां मार्ग से जुड़े ग्रामीण प्रतिदिन उठा रहे हैं।

क्षतिग्रस्त हुए प्रमुख मार्ग - बरेली, चैनपुर मार्ग, कामतोन उदयगिरी, पांजरा काशीराम हरडोव मार्ग, बापौली मार्ग, खरगोन जामगढ़-भगदेई मार्ग, बरेली-छींद मार्ग, बाग पिपरिया-उंटिया छबारा मार्ग, नर्मदा पुल से मांगरोल, सतरावन, डूमर, बगलवाडा मार्ग, समनापुर से अकोला, मौतलसिर मार्ग, बरेली धोखेड़ा से गुरारिया मर्गधा मार्ग, बरेली से गोल भारकच्छ खुर्द, बगलवाड़ा मार्गो के अत्याधिक क्षतिग्रस्त और बड़े-बड़े गड्डे हो जाने, गड्डों में पानी भरा रहने से वाहनों का संतुलन बिगड़ने की घटनाएं बढ़ रही है। इन प्रमुख सड़कों की यदि शीघ्र मरम्मत सुधार नहीं किया तो कभी भी जानलेवा दुर्घटना भी हो सकती है।

**कामतोन से मेहरागांव कलां खोद डाली सड़क**



### वाहनों में हो रही टूटफूट

सड़क क्षतिग्रस्त होने से किसान, ग्रामीण परेशान हो रहे है। गड्डो के कारण दो पहिया, चार पहिया वाहनों में टूटफूट, टायर पंचर होने की स्थिति में धन और समय की बर्बादी हो रही है। 5 वर्ष गारंटी वाली सड़कों की मरम्मत के प्रति विभाग एवं ठेकेदारों की गहरी उदासीनता बनी हुई है। कामतोन मेहरागवं सडक़ बारिश पूर्व ठेकेदार ने खोद डाली और गायब बना हुआ है। प्रतिदिन दर्जनों ग्रामीण आवागमन में परेशान और वाहनों में टूटफूट हो रही है।

### फोरलेन सड़क भी क्षतिग्रस्त

फोरलेन सड़क भी अनेक स्थानों पर अत्याधिक क्षतिग्रस्त हो जाने से वाहनों का संतुलन बिगड़ने की स्थिति बन रही है। सीमेंट सड़क पर गहरी चौड़ी दरारें बन रही है। फोरलेन मार्ग का लेवल ठीक न होने से स्थान-स्थान पर पानी भरने और तेज गति वाहनों के कारण दूर तक उचटने की स्थिति भी बनती है। अंडर पास, ओवर ब्रिज के सर्विस रोड अत्याधिक क्षतिग्रस्त और पानी भरा रहने से वाहन चालकों को जोखिम भरी स्थिति में आवागमन करना मजबूरी बन रहा है।